

मौजूदा परिस्थितियों में केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के प्रबल दावेदार हो सकते हैं। यह बहुविकल्पीय प्रश्न जैसा है कि कप्तान कौन होगा? ऋषभ पंत कप्तानी के दावेदार रहे हैं, केएल राहुल भी एक विकल्प हैं।

- आकाश चोपड़ा

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



केविन मैलॉय

केविन मैलॉय को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) का नया अध्यक्ष चुना गया है। डायना पुकेतापु-लिंडन के बोर्ड से हटने के बाद 132वीं वार्षिक आम बैठक के तुरंत बाद हुई बोर्ड की बैठक में मैलॉय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। पुकेतापु-लिंडन ने निदेशक के रूप में अधिकतम नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ा है। नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद मैलॉय ने कहा, मैं सबसे पहले डायना को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इस बोर्ड को नौ वर्ष की सेवाएं दीं और खेल के हालिया इतिहास के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में वास्तविक साहस के साथ नेतृत्व किया।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने 2 बार (1983 - कपिल देव की कप्तानी में और 2011 - एमएस धोनी की कप्तानी में) वनडे विश्व कप जीता है।

युवा ओलंपिक में अंबेकर मीतेई ने रचा इतिहास, भारत को मुक्केबाजी में पहला स्वर्ण



डकार, 12 नवंबर। भारतीय मुक्केबाज लैरेनलाकपम अंबेकर मीतेई ने गुरुवार को इतिहास रचते हुए 2026 युवा ओलंपिक में देश को मुक्केबाजी का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। मणिपुर के इस मुक्केबाज ने पुरुषों के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। डकार में जारी इन खेलों में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक भी है। फाइनल मुकाबले में मीतेई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले राउंड में पांचों जजों ने आयरिश मुक्केबाज के पक्ष में फैसला दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गए। हालांकि, उन्होंने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और तीन जजों का समर्थन हासिल किया। निर्णायक तीसरे राउंड में मीतेई ने अपना प्रदर्शन और बेहतर किया। चार जजों ने उन्हें बेहतर मुक्केबाज माना और इस तरह उन्होंने 3-2 से मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

जयपुर में लगेगा हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टैच्यू



जयपुर, 12 नवंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की उपलब्धियों को अब जयपुर में स्थायी पहचान मिलने जा रही है। महिला क्रिकेट में देश को पहली बार वनडे विश्व कप का खिताब दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टैच्यू जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में स्थापित किया जाएगा। नाहरगढ़ स्थित हिस्टॉरिका म्यूजियम की ओर से तैयार की गई इस प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को हरमनप्रीत कौर स्वयं करेंगी। गौरतलब है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर 2025 को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में पहली बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद ही जयपुर के हिस्टॉरिका म्यूजियम की ओर से हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टैच्यू बनाने की घोषणा की गई थी। म्यूजियम में उन व्यक्तित्वों के वैक्स स्टैच्यू लगाए जाते हैं, जिन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से समाज को प्रेरित किया है। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कप्तानी में मिली इस ऐतिहासिक सफलता ने देशभर की युवा लड़कियों को क्रिकेट में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया है।

अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में दौसा के देवकृत और सचिन का चयन





दौसा, 12 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से 13 नवंबर से जयपुर में आयोजित होने वाली अंडर-23 पुरुष टी-20 चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए दौसा जिले के दो खिलाड़ियों देवकृत शर्मा और सचिन शर्मा का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के करीब 60 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने राजस्थान स्टेट अंडर-23 चैंपियनशिप में दौसा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। देवकृत शर्मा ने तीन मैचों में दो शतक लगाए, जबकि सचिन शर्मा ने तीन मैचों में एक शतक बनाने के साथ गेंदबाजी में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसी प्रदर्शन के आधार पर दोनों को चैलेंजर प्रतियोगिता में जगह मिली है। उपाध्याय ने बताया कि चैलेंजर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बीसीसीआई की ओर से आयोजित होने वाली अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में चयन का अवसर मिलेगा।

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत

सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया

खिताबी मुकाबले में पाक से होगी भिड़ंत



मस्कट, 12 नवंबर। भारतीय टीम ने गुरुवार को अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य रायचंदानी की अगुवाई वाली भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने तीनों विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पूरी तरह पछाड़ दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन बनाए। उसकी ओर से नोमान सालारजई ने 78 गेंदों पर 51 और शाह फैसल रहीमी ने 72 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली। भारत की ओर से ईशान सूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 43 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की और अफगानिस्तान के बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का मौका नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बना ली। सलामी बल्लेबाजों के बीच 100 से अधिक रन की साझेदारी ने जीत की राह आसान कर दी। पिछले दो मुकाबलों में सस्ते में आउट होने वाले कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने शानदार वापसी करते हुए 90 गेंदों पर 93 रन बनाए।

दूसरे छोर पर आर्यवीर सहवाग ने भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। पिछले मुकाबले में 160 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले सहवाग ने इस मैच में 57 गेंदों पर 51 रन बनाए। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद वीके विनीत ने 62 गेंदों पर नाबाद 57 रन और यशवर्धन सिंह चौहान ने 14 गेंदों पर 16 रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम ने 36.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह भारत ने 13.1 ओवर शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया।

न्यूजीलैंड ने अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में भारत को 5-0 से हराया



ऑकलैंड, 12 नवंबर। कप्तान क्रिस वुड के एक गोल और जेसी रैंडेल के दो गोल की बदौलत न्यूजीलैंड ने गुरुवार को यहां खेले गए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मुकाबले में भारत को 5-0 से करारी शिकस्त दी। मेजबान टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और भारतीय टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया। न्यूजीलैंड ने पांचवें मिनट में जवाबी हमले पर गोल कर बढ़त हासिल की। परमवीर द्वारा गेंद को क्लीयर किए जाने के बाद रैंडेल ने पेनल्टी बॉक्स में कटबैक दिया, जिस पर भारतीय डिफेंडर बिजॉय वर्गीस से गेंद टकराकर गोलपोस्ट में चली गई। इसके बाद भी रैंडेल ने भारतीय रक्षापंक्ति को लगातार परेशान किया और पहले हाफ में 34वें तथा 43वें मिनट में गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड के कप्तान क्रिस वुड ने भी गोल किया। उन्होंने 57वें मिनट में कैलन इलियट के क्रॉस पर शानदार हेडर लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। इस सत्र में गोल के लिए जूझ रहे वुड का यह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए सितंबर 2025 के बाद पहला गोल था। तब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 की हार में गोल किया था। भारतीय टीम की मुश्किलें 75वें मिनट में और बढ़ गईं, जब लियाम गिलियन के क्रॉस पर लैचलन बेलिस ने बेहतरीन हाफ-वॉली शॉट लगाकर स्कोर 5-0 कर दिया। 17 महीने बाद शुरुआती एकादश में वापसी कर रहे गोलकीपर विशाल कैथ ने बिल टुइलोमा के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर छठा गोल नहीं होने दिया। हालांकि, तब तक भारतीय टीम को काफी नुकसान हो चुका था। मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में टीम का खराब प्रदर्शन जारी रहा। भारत ने अपने पिछले दो मुकाबलों में केवल एक गोल किया है, जबकि 11 गोल गंवाए हैं। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और मैत्री मुकाबला खेलना है। वहीं, यह श्रृंखला मेजबान टीम के मुख्य कोच डैरेन बेजली के कार्यकाल के अंतिम मुकाबलों की श्रृंखला है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में अय्यर करेंगे कप्तानी का पदार्पण, सीरीज जीत पर होंगी नजरें

गिल, राहुल और कंबोज टेस्ट की तैयारी के लिए टीम से बाहर



नई दिल्ली, 12 नवंबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को खेले जाने वाले चौथे वनडे मुकाबले में दोनों टीमें बड़े बदलावों के साथ उतरेंगी। श्रेयस अय्यर पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रही भारतीय टीम की नजरें यह मुकाबला जीतकर श्रृंखला अपने नाम करने पर होंगी। वहीं, तीसरा वनडे बारिश के कारण रद्द होने के बाद न्यूजीलैंड के लिए श्रृंखला बचाने का एकमात्र रास्ता बाकी दोनों मुकाबले जीतना है।

अय्यर के लिए यह मुकाबला कप्तानी में पदार्पण के साथ बल्ले से खुद को साबित करने का भी मौका होगा। इस श्रृंखला में शॉर्ट गेंदों के खिलाफ उनकी कमजोरी एक बार फिर सामने आई है। वह अंतिम दो वनडे में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। शुभमन गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी लाल गेंद से अपने खेल को बेहतर करने के लिए टीम छोड़ चुके हैं।

इन बदलावों से रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को मौका मिलने की उम्मीद है। टेस्ट श्रृंखला से पहले इन खिलाड़ियों के लिए मैदान पर समय बिताना उपयोगी होगा। गिल की गैर मौजूदगी में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। इस दौड़ में ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ शामिल हैं। हालांकि, गायकवाड़ ने अपने पिछले पांच वनडे मुकाबलों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की है।

अनुभवी रोहित शर्मा भी इस दौरे पर बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। वह अब तक श्रृंखला में शून्य और 23 रन ही बना सके हैं। दूसरी ओर, चोट के कारण टी20 श्रृंखला के ज्यादातर मुकाबलों से बाहर रहे ईशान किशन भी वापसी के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।

ईशान के सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरने की प्रबल संभावना है। उन्होंने चार साल पहले इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक लगाया था। राहुल की गैरमौजूदगी में वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं।

यदि गायकवाड़ मध्यक्रम में ही बल्लेबाजी करते हैं तो उनके पास खुद को साबित करने का अच्छा अवसर होगा। वह पिछले चार वनडे पारियों में एक शतक और एक अर्धशतक लगा चुके हैं। ऐसे में वह टीम के लिए उपयोगी विकल्प साबित हो सकते हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज को शानदार फॉर्म में चल रहे अंशुल कंबोज की जगह मौका मिलने की उम्मीद है। सिराज पिछले तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दूर रहे हैं लेकिन पिछले सप्ताह भारत ए की ओर से खेलते हुए चार विकेट लेने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। यह भी दिलचस्प है कि अपनी प्रतिष्ठा के बावजूद सिराज को अब तक इस वनडे श्रृंखला में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला है। दूसरे वनडे में अच्छा प्रदर्शन करने वाले औकीब नबी और अर्शदीप सिंह अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं।

न्यूजीलैंड के सामने श्रृंखला बचाने की चुनौती

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी कई अहम खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरेगी। टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, नाथन स्मिथ और हेनरी निकोल्स टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए वनडे टीम से बाहर हो गए हैं। टीम में हुए बदलावों पर विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने कहा, जो भी खिलाड़ी बाहर गए खिलाड़ियों की जगह लेगा, वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेगा। हमारी टीम में भी जो खिलाड़ी उन खिलाड़ियों की जगह आएंगे, वे पूरी कोशिश करेंगे।

भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे मुकाबले के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम में बदलाव किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की घोषणा की। इसके अलावा जोश क्लार्कसन को भी सीरीज के पांचवें और अंतिम वनडे के लिए टीम में वापस बुलाया गया है।

फीफा ने 2031 और 2035 महिला विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की

नई दिल्ली, 12 नवंबर। फीफा ने 2031 और 2035 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए पेश की गई संयुक्त बोलियों की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी है। दोनों बोलियों ने मेजबानी के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा किया है। अब इस महीने के अंत में फीफा के सदस्य इन पर मतदान करेंगे। 2031 विश्व कप की मेजबानी के लिए अमेरिका, मैक्सिको, कोस्टा रिका और जमैका ने संयुक्त बोली पेश की है। वहीं, 2035 संस्करण के लिए इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड ने मिलकर दावेदारी की है। फीफा की ओर से बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बोलियां 23 नवंबर को होने वाली फीफा की विशेष कांग्रेस में मतदान के लिए योग्य हैं।

फीफा की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2031 विश्व कप की बोली मजबूत आधार पर तैयार की गई है। इसके अलावा उसने 2025 में क्लब विश्व कप का भी आयोजन किया था। 2031 महिला विश्व कप में करीब 45 लाख दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। चारों देशों की संयुक्त बोली में कुल 20 स्टेडियमों को प्रस्तावित मेजबान स्थल के रूप में शामिल किया गया है। इनमें 14 स्टेडियम अमेरिका, चार मैक्सिको और एक-एक जमैका तथा कोस्टा रिका में हैं।

आरसीए अंडर-23 पुरुष टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी का कार्यक्रम जारी, आज से होंगे मुकाबले

जयपुर, 12 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की ओर से आयोजित अंडर-23 पुरुष टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबलों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिता के मैच 13 से 15 नवंबर तक तीन मैदानों पर खेले जाएंगे। मुकाबले प्रतिदिन सुबह 9 बजे और दोपहर 1:30 बजे से शुरू होंगे। प्रतियोगिता के मुकाबले अनंतम ग्राउंड, केएल सैनी स्टेडियम और लक्ष्य ग्राउंड पर आयोजित किए जाएंगे। तीन ग्रुप में होने वाले मुकाबलों में टीम ए से लेकर टीम जे तक की टीमें हिस्सा लेंगी।

अनंतम ग्राउंड पर मुकाबले

13 नवंबर : टीम ए बनाम टीम बी (सुबह 9 बजे), टीम सी बनाम टीम डी (दोपहर 1:30 बजे)।

14 नवंबर : टीम ए बनाम टीम ई (सुबह 9 बजे), टीम सी बनाम टीम एच (दोपहर 1:30 बजे)।

15 नवंबर : टीम बी बनाम टीम एच (सुबह 9 बजे), टीम ए बनाम टीम आई (दोपहर 1:30 बजे)।

केएल सैनी स्टेडियम पर मुकाबले

13 नवंबर : टीम एफ बनाम टीम जी (सुबह 9 बजे), टीम एच बनाम टीम आई (दोपहर 1:30 बजे)।

14 नवंबर : टीम डी बनाम टीम आई (सुबह 9 बजे), टीम बी बनाम टीम जी (दोपहर 1:30 बजे)।

15 नवंबर : टीम सी बनाम टीम एफ (सुबह 9 बजे), टीम डी बनाम टीम जे (दोपहर 1:30 बजे)।

लक्ष्य ग्राउंड पर मुकाबले

13 नवंबर : टीम ई बनाम टीम जे (सुबह 9 बजे)।

14 नवंबर : टीम एफ बनाम टीम जे (सुबह 9 बजे)।

15 नवंबर : टीम ई बनाम टीम जी (सुबह 9 बजे)।

तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राजस्थान की अंडर-23 टीम में चयन के लिए दावेदारी मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

जयपुर के विवान कपूर ने रचा इतिहास, शॉटगन में भारत को दिलाया पहला ओलंपिक कोटा

आईएसएसएफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जीता सिल्वर मेडल, फाइनल में 30 में से 29 टारगेट किए हिट



जयपुर, 12 नवंबर। कतर की राजधानी दोहा में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप (राइफल, पिस्टल एवं शॉटगन) में जयपुर के युवा निशानेबाज विवान कपूर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटगन स्पर्धा में भारत को पहला ओलंपिक कोटा दिलाने के साथ सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया। विवान ने क्वालिफिकेशन राउंड में 120 अंक हासिल कर फाइनल में शीर्ष आठ निशानेबाजों में जगह बनाई। फाइनल में उन्होंने 30 में से 29 टारगेट पर सटीक निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, टाईब्रेकर में बिब नंबर के आधार पर कुवैत के निशानेबाज को गोल्ड मेडल मिला, जबकि विवान को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि के साथ ही विवान ने शॉटगन में भारत के लिए पहला ओलंपिक कोटा हासिल कर देश का नाम रोशन किया। विवान जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में नियमित अभ्यास करते हैं। वे ओएसिस शूटिंग रेंज में लंबे समय से प्रशिक्षण लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विवान की इस ऐतिहासिक सफलता पर राजस्थान राइफल एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि वे लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान और भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

त्रीसा-गायत्री और हरिहरन-अर्जुन की चुनौती समाप्त

जापान मास्टर्स : महिला और पुरुष युगल में भारतीय जोड़ियों को सीधे गेम में मिली शिकस्त

कुमामोटो, 12 नवंबर। जापान मास्टर्स-2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों का सफर निराशाजनक रहा। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा पुरुष युगल में हरिहरन अम्सकरुणन और एमआर अर्जुन को प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को जापान मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को सीधे गेमों में 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतकर जापान पहुंचे लक्ष्य ने इससे पहले चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-19, 21-18 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। तियान याओ के खिलाफ लक्ष्य ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने लगातार आठ अंक हासिल किए और महज 13 मिनट में पहला गेम 21-8 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की। एक समय वह 4-6 से पीछे था लेकिन अपने प्रतिद्वंद्वी से विश्व रैंकिंग में 32 स्थान ऊपर काबिज लक्ष्य ने खेल की गति बढ़ाई। उन्होंने लगातार छह अंक जीतकर स्कोर 12-6 कर दिया और फिर बढ़त बनाए रखते हुए मुकाबला सीधे गेमों में जीत लिया।

श्रीकांत ने पांचवीं वरीयता प्राप्त नाराओका को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत ने एक घंटे तक चले मुकाबले में घरेलू दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ी नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से शिकस्त दी। पांच मुकाबलों में यह श्रीकांत की नाराओका के खिलाफ पहली जीत है।

वर्ल्ड टेनिस लीग का 5वां सत्र 17 से 20 दिसंबर तक, बेंगलुरु करेगा मेजबानी

बेंगलुरु, 12 नवंबर। वर्ल्ड टेनिस लीग का पांचवां सत्र 17 से 20 दिसंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय टेनिस सितारों के साथ भारत के शीर्ष और उभरते खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन केएसएलटीए के एस.एम. कृष्णा टेनिस स्टेडियम में किया जाएगा। आइकोनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स द्वारा लाइसेंस प्राप्त और संचालित यह लीग अपने पांचवें सत्र में प्रवेश कर रही है। आयोजकों के अनुसार, पिछले पांच सत्रों में इस लीग ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस के कई बड़े नामों को एक मंच पर लाकर भारतीय टेनिस प्रतियोगिताओं में अपनी अलग पहचान बनाई है। पिछले सत्र में हिस्सा लेने वाले कई खिलाड़ी एक बार फिर डब्ल्यूटीएल में वापसी करेंगे। इनमें पाउला बडोसा, युकी भांबरी, सुमित नागल, दक्षिणेश्वर सुरेश, माया राजेश्वरन रेवती और श्रिवल्ली भामिदिपति शामिल हैं। इनके अलावा इस सत्र में स्थापित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण देखने को मिलेगा।

जयपुर में विजन क्रिकेट इंडिया लीग की शुरुआत, 40, 50 और 60 आयुवर्ग के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

पांच टीमों के बीच होंगे मुकाबले



जयपुर, 12 नवंबर। क्रिकेट के प्रति जुनून और खेल भावना उम्र की मोहताज नहीं होती। इसी संदेश के साथ जयपुर में विजन क्रिकेट इंडिया लीग (वीसीआईएल) की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत 13 से 15 नवंबर तक राष्ट्रीय वेटरन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होगा, जिसमें 40, 50 और 60 आयुवर्ग के अनुभवी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गुरुवार को लालकोठी स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में लीग की औपचारिक शुरुआत की घोषणा की गई। इस अवसर पर खिलाड़ियों की जर्सी लॉन्च की गई तथा प्रतियोगिता की रूपरेखा साझा की गई।

वीसीआईएल के संस्थापक शरत शर्मा ने बताया कि लीग का उद्देश्य 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को क्रिकेट से जोड़े रखना और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ खेल से दूरी बनाने के बजाय फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को अपनाना चाहिए। लीग के माध्यम से अनुभवी खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के मुकाबले रणवीर सिंह क्रिकेट स्टेडियम और सोनी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें देश की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इवेंट में ऑर्गेनाइजर आंचल चौधरी, युवा आइकन एवं समाजसेवक डॉ. राजीव शर्मा सहित प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांचों टीमों के कप्तान मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, विजन क्रिकेट इंडिया लीग का उद्देश्य केवल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि वरिष्ठ खिलाड़ियों में फिटनेस, स्वास्थ्य, खेल भावना और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देना भी है। लीग को प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय वेटरन क्रिकेट उत्सव के रूप में विकसित करने की योजना है।

जेम्स एंडरसन काउंटी टीम सरे से खेलेंगे

नई दिल्ली, 12 नवंबर। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 2027 में काउंटी चैंपियनशिप में सरे की टीम से खेलेंगे। 25 साल तक एंडरसन लंकाशायर से जुड़े रहे, लेकिन टीम ने अगले सीजन के लिए उनका कॉन्ट्रैक्ट नहीं बढ़ाया। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके 44 साल के एंडरसन ने 2026 के काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 50 विकेट लिए और लंकाशायर के प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए थे। एंडरसन ने लंकाशायर से विदाई के तरीके पर निराशा जताई थी। उन्होंने कहा था अगर फैसला मेरे हाथ में होता, तो यह रिश्ता इस तरह खत्म नहीं होता। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने भी लंकाशायर के इस फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने क्लब के रवैये को अपमानजनक बताया था। अब एंडरसन सरे के साथ अपने करियर का नया अध्याय शुरू करेंगे। यहां उनकी मुलाकात इंग्लैंड के पूर्व साथी एलेक स्टीवर्ट से होगी, जो फिलहाल सरे मेंस क्रिकेट के डायरेक्टर हैं।

8वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर की बालिका टीम ने जीत से किया आगाज, झुंझुनूं को दी शिकस्त



श्रीगंगानगर, 12 नवंबर। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ एवं श्रीगंगानगर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में 8वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026-27 (बालक एवं बालिका वर्ग) का गुरुवार को नरसिंहपुरा, मांझूवास स्थित सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन जयपुर की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झुंझुनूं को 29-15 और 29-18 से हराकर जीत के साथ आगाज किया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी रहे, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी एवं भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के संरक्षक जे.पी. व्यास ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा सहित सुधीर सिहाग, कुलदीप विश्नोई, देवेंद्र कुमार, हनुमानमल चौधरी, अब्दुल वाहिद, गोपाल रोत्रवाल एवं अब्दुल वहीद मौजूद रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बालक वर्ग में ब्यावर और करौली की टीमों के बीच खेला गया। वहीं, बालिका वर्ग में जयपुर ने झुंझुनूं को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

जयपुर की टीमें भी मैदान में

प्रतियोगिता में जयपुर की बालक एवं बालिका टीमें भी भाग ले रही हैं। बालक टीम की कमान जतिन के हाथों में है, जबकि गर्व नाथ उपकप्तान हैं। टीम में प्रिंस प्रजापत, जयेश, अश्मित, मुकुल, अंकित, फरहान, सिद्धार्थ और लक्ष्य शामिल हैं। टीम के कोच लक्ष्मीकांत शर्मा और मैनेजर नैतिक अग्रवाल हैं। बालिका टीम की कप्तान ट्विंकल जायसवाल और उपकप्तान रिया नाटा हैं। टीम में इशिका, सुप्रिया, आमना, अनुष्का, रिदा, असिन, समीक्षा और मुस्कान शामिल हैं। टीम की कोच निकिता कंवर और मैनेजर कशिश खान हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 12 से 14 नवंबर तक आयोजित होगी। इसमें प्रदेश के जूनियर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।